Los Angeles County

**RENT RELIEF PROGRAM**

# कार्यक्रम और आवेदन गाइड

संशोधित: 13/05/24

सेंटर बाय Lendistry तृतीय पक्ष(क्षों) की ओर से अनुदान कार्यक्रमों का प्रबंधन करती है और कार्यक्रम का दायरा, पात्रता मानदंड, संचार रणनीति या समयसीमा निर्धारित नहीं करती है। ऐसे विवरण अनुदान कार्यक्रमों की पेशकश करने वाले तृतीय पक्ष(क्षों) द्वारा रखे जाते हैं। प्रदान की गई किसी भी संदर्भ सामग्री में सभी जानकारी परिवर्तन के अधीन है।

# कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण

Los Angeles County
RENT RELIEF PROGRAM

लॉस एंजिलस काउंटी, अपने डिपार्टमेन्ट ऑफ़ कन्ज़ूमर और बिजनेस अफेयर्स (डीसीबीए) के माध्यम से, लॉस एंजिलस काउंटी किराया राहत कार्यक्रम के माध्यम से $68,666,000 का अनुदान एलए काउंटी में स्थित संपत्तियों वाले योग्य मकान मालिकों को प्रदान करेगा।

यह कार्यक्रम मकान मालिकों को सीधी वित्तीय सहायता प्रदान करेगा ताकि उन्हें COVID-19 महामारी के कारण हुए हानिकारक आर्थिक प्रभावों को कम करने में मदद मिल सके और इसके परिणामस्वरूप किरायेदारों को अपना किराया नियमित देने में असमर्थता हुई।

अनुदान पुरस्कारों का उपयोग अप्रैल 1, 2022 से आज तक के पात्र खर्चों का प्रबंध लगातार आधार पर करने के लिए किया जा सकता है। पात्र खर्चों में अर्हताप्राप्त न चुकाये हुए किराये का ऋण और उपयोगिताओं जैसे, अन्य कोई प्रमाणित संबंधित खर्च शामिल हैं।

जब कि कोई भी पात्र मकान मालिक आवेदन कर सकता है, जो नीचे उल्लिखित खास मानदंडों को पूरा करते हैं उन्हें वरीयता दी जाएगी।

# पात्रता की आवश्यकताएं



आवेदकों जो पुरस्कार के लिए चुने जाएंगे उन्हें निम्नलिखित **सभी** पात्रता मानदंडों को पूरा करना होगा:

a. किराये की संपत्ति लॉस एंजिलस शहर को छोड़कर, लॉस एंजिलस काउंटी के भीतर है।

b. मकान मालिक तीसरे पक्ष के संसाधनों का उपयोग करके, स्वतंत्र रूप से सत्यापित स्वामित्व का प्रामाणिक साक्ष्य प्रदान कर सकता है।

c. W9 जानकारी को IRS रिकॉर्ड के सामने मान्य किया जा सकता है।

d. किराये के रिश्ते के साक्ष्य की पुष्टि रेंटल एग्रीमेंट के साक्ष्य से की जाती है।

e. प्रभावित इकाई(यां) वर्तमान में प्रभावित किरायेदार(रों) के कब्जे में हैं और सत्यापन योग्य हैं।

f. किराये का बकाया अप्रैल 2022 और उसके बाद से होने की पुष्टि की गई है और उन महीनों को छोड़कर, जहां निम्नलिखित ऋण राहत कार्यक्रमों के माध्यम से धन प्राप्त हुआ था।

   i. स्टे हाउस्ड एलए

   ii. डीसीबीए रेंटल हाउसिंग सपोर्ट और सर्विसीस

   iii. एल.ए. काउंटी ऋण राहत कार्यक्रम

g. पात्र खर्चों को सत्यापन योग्य दस्तावेज़ों के साथ समर्थित किया जाता है।

**कृपया ध्यान दें: आवेदक की अप्रवासन स्थिति कार्यक्रम के लिए आवेदक की पात्रता को प्रभावित नहीं करेगी, न ही यह किसी स्वीकृत आवेदक की अंतिम अनुदान पुरस्कार राशि निर्धारित करने में कोई कारक होगी।**

# प्राथमिकता कार्य पद्धति

Los Angeles County
RENT RELIEF PROGRAM

निम्नलिखित प्राथमिकता मानदंडों के संयोजन का उपयोग करके
सत्यापन योग्य वरीयता समूहों से पुरस्कार विजेताओं की पहचान की जाएगी:

a. ऐसे मकान मालिक जिनकी घरेलू आय या जिनके किरायेदारों की घरेलू आय लॉस एंजिलस मेट्रोपॉलिटन एरिया के लिए एरिया मिडियन इन्कम (एएमआई) के 80 प्रतिशत से अधिक नहीं है।

b. जनगणना क्षेत्रों में स्थित संपत्तियों वाले मकान मालिकों की पहचान काउंटी के कोविड-19 भेद्यता और पुनर्प्राप्ति सूचकांक में "उच्चतम" या "उच्च" आवश्यकता के रूप में की गई है।

c. जो मकान मालिक वित्तीय सहायता की प्राप्ति के माध्यम से सभी बकाया किराये को पूरी तरह से पूरा कर सकते हैं, यानी, किरायेदारों का प्रत्येक इकाई के लिए वर्तमान में $30,000 प्रति इकाई के रूप में परिभाषित अधिकतम पुरस्कार से कम बकाया है। मकान मालिक बकाया किराये के कर्ज को माफ करना प्रमाणित करते हैं।

d. जो मकान मालिक के पास एक से अधिक किराये की संपत्ति नहीं है और जिनके पास चार या कम किराये वाली इकाइयाँ हैं।

पूर्ण आवेदन जमा करने पर, आवेदकों को कार्यक्रम द्वारा परिभाषित वरीयता समूहों में पहचाना जाएगा। पोर्टल खुलने के बाद समूह 1 समीक्षा के लिए सर्वोच्च वरीयता बनाए रखेगा। एक बार समूह 1 में सभी आवेदनों की समीक्षा हो जाए उसके बाद, समूह 2 के आवेदनों की समीक्षा शुरू हो जाएगी। यदि समूह 2 में सभी आवेदक समाप्त हो जाते हैं, तो कार्यक्रम आवेदनों का मूल्यांकन बाद के समूहों में करेगा। यह किसी भी समय लॉस एंजिलस काउंटी के निर्देश में परिवर्तन के अधीन है।

अगले पृष्ठ पर जारी।

Los Angeles County

RENT RELIEF PROGRAM

# आवश्यक प्रलेखन

1. पहचान का साक्ष्य; और
2. आय का साक्ष्य; और
3. स्वामित्व का साक्ष्य; और
4. आवेदन जिस इकाई के लिए किया है उसकी किरायेदारी का साक्ष्य; और
5. बकाया किराये का साक्ष्य; और
6. बकाया पात्र खर्चों का साक्ष्य।

# पात्र दस्तावेज़ीकरण

कार्यक्रम के तहत किराया या उपयोगिता राहत के लिए विचार किया जाए उसके लिए, निम्नलिखित दस्तावेज़ आवेदन के साथ प्रस्तुत करने होगे (यह दस्तावेज़ सूची संपूर्ण नहीं है, और पात्रता समीक्षा प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय अतिरिक्त दस्तावेज़ीकरण का अनुरोध किया जा सकता है जो कार्यक्रम दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए लॉस एंजिलस काउंटी डीसीबीए के विवेक पर निर्भर है)।

## 1. पहचान का साक्ष्य का एक रूप है, जैसे कि:

a. सरकार द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र: यह वैध ड्राइवर लाइसेंस, राज्य आईडी कार्ड, पासपोर्ट (अंतर्राष्ट्रीय सहित), या सैन्य आईडी हो सकता है; या

b. जन्म प्रमाणपत्र: आवेदक के जन्म प्रमाणपत्र की प्रमाणित प्रति; या

c. सोशल सिक्युरिटी कार्ड: आवेदक की मूल या उनके सोशल सिक्युरिटी कार्ड की प्रमाणित प्रति; या

d. ग्रीन कार्ड या अप्रवासन स्थिति दस्तावेज़ीकरण: गैर-अमेरिकी नागरिकों के लिए, उनकी अप्रवासन स्थिति की पुष्टि करने वाले दस्तावेज़, जैसे स्थायी निवासी कार्ड (ग्रीन कार्ड) या कार्य वीज़ा; या

e. देशीयकरण प्रमाणपत्र: देशीयकृत नागरिकों के लिए, देशीयकरण प्रमाणपत्र की एक प्रति; या

f. नागरिकता का प्रमाणपत्र: जिन व्यक्तियों ने माता-पिता के माध्यम जैसे, अन्य माध्यमों से अमेरिकी नागरिकता हासिल की है, नागरिकता प्रमाणपत्र की एक प्रति; या

g. जनजातीय पहचान पत्र: मान्यता प्राप्त मूल अमेरिकी जनजातियों के सदस्यों के लिए, एक वैध जनजातीय पहचान पत्र; या

h. दूतावास संबंधी पहचान पत्र: विदेशी नागरिकों के लिए, उनके गृह देश के दूतावास या वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी एक कांसुलर आईडी कार्ड; या

i. मतदाता पंजीकरण पहचान पत्र: एक वैध मतदाता पंजीकरण पहचान पत्र का उपयोग कुछ मामलों में पहचान दस्तावेज के रूप में भी किया जा सकता है; या

j. सार्वजनिक सहायता कार्ड: कुछ राज्य सार्वजनिक सहायता कार्ड जारी करते हैं जिनका उपयोग सरकारी कार्यक्रमों के लिए पहचान प्रमाण के रूप में किया जा सकता है; या

k. स्कूल या कॉलेज आईडी: यदि आवेदक एक छात्र है, तो एक वर्तमान स्कूल या कॉलेज आईडी कार्ड को स्वीकार किया जा सकता है; या

l. उपयोगिता (यूटिलिटी) बिल: हाल का उपयोगिता बिल (जैसे, बिजली, पानी, गैस) जो आवेदक का नाम और पते के साथ पहचान को सत्यापित करने में मदद कर सकते हैं; या

m. बैंक स्टैटमेन्ट्स: हाल का बैंक स्टैटमेन्ट्स जो आवेदक का नाम और पते के साथ पहचान के प्रमाण के रूप में भी काम कर सकते हैं; या

n. वाहन पंजीकरण: वाहन मालिकों के लिए, आवेदक का नाम और पता के साथ वाहन पंजीकरण की एक प्रति; या

o. रोजगार पहचान पत्र: आवेदक के नियोक्ता द्वारा जारी किया गया वर्तमान कर्मचारी आईडी कार्ड; या

p. सरकारी एजेंसी का पत्र: आवेदक की पहचान को प्रमाणित करने वाली सरकारी एजेंसी का पत्र; या

q. अन्य दस्तावेज़ों को मामला-प्रति-मामला के आधार पर अनुमति दी जा सकती है।

अगले पृष्ठ पर जारी।

Los Angeles County
RENT RELIEF PROGRAM

## 2. आय का साक्ष्य का एक रूप, जैसे कि:

a. संघीय टैक्स रिटर्न: सभी अनुसूचियों और अनुलग्नकों सहित, नवीनतम संघीय टैक्स रिटर्न (2021 से वर्तमान तक) की प्रतियां; या

b. W-2 फॉर्म: पिछले वर्ष से प्रत्येक नियोक्ता के लिए W-2 फॉर्म की प्रतियां; या

c. वेतन स्टब्स: लगातार आय प्रदर्शित करने के लिए पिछले कुछ महीनों को समाविष्ट करने वाले हाल के वेतन स्टब्स; या

d. रोजगार सत्यापन पत्र: नियोक्ता का पत्र जो आवेदक की स्थिति, वेतन और रोजगार की अवधि बताएं; या

e. सोशल सिक्युरिटी लाभ विवरण: स्टैटमेन्ट जो प्राप्त सामाजिक सुरक्षा लाभों की राशि दिखाएं; या

f. पेंशन या सेवानिवृत्ति आय: पेंशन या सेवानिवृत्ति आय का दस्तावेज़ीकरण, जैसे लाभ विवरण; या

g. बेरोजगारी लाभ: दस्तावेज़ीकरण जो प्राप्त बेरोजगारी लाभ दिखाएं, यदि लागू हो; या

h. अशक्तता आय: अशक्तता आय का साक्ष्य, जैसे लाभ विवरण; या

i. निर्वाह-धन या बाल सहायता भुगतान: अदालती दस्तावेज़ या लिखित समझौते जो निर्वाह-धन या बाल सहायता भुगतान दर्शाएं; या

j. किराया आय: स्वामित्व वाली संपत्तियों से प्राप्त किराये की आय का दस्तावेज़ीकरण; या

h. ब्याज और डिविडन्ड: ब्याज और डिविडन्ड आय दर्शाने वाले बैंकों या वित्तीय संस्थानों के स्टैटमेन्ट्स; या

i. बैंक स्टैटमेन्ट्स: नियमित जमा राशि और खाते की शेष राशि दिखाने वाले हाल के बैंक स्टैटमेन्ट्स की प्रतियां; या

j. बचत बॉन्ड: बचत बॉन्ड से अर्जित ब्याज का साक्ष्य; या

k. वयोवृद्ध लाभ: प्राप्त वयोवृद्ध लाभों का दस्तावेज़ीकरण; या

l. सार्वजनिक सहायता या टीएएनएफ: प्राप्त किसी भी सार्वजनिक सहायता या जरूरतमंद परिवारों के लिए अस्थायी सहायता (टीएएनएफ) का साक्ष्य; या

m. श्रमजीवी मुआवज़ा: श्रमजीवी के मुआवज़े के लाभों का दस्तावेज़ीकरण; या

n. वार्षिकी स्टैटमेन्ट्स: वार्षिकी से आय दर्शाने वाले स्टैटमेन्ट्स; या

o. स्टॉक या बॉन्ड: स्टॉक या बॉन्ड से आय दर्शाने वाले दस्तावेज़ीकरण; या

p. ट्रस्ट आय: ट्रस्ट से आय का साक्ष्य; या

q. अन्य सरकारी सहायता: प्राप्त किसी भी अन्य सरकारी सहायता का दस्तावेज़ीकरण; या

r. स्व-रोजगार आय: यदि स्व-रोज़गार में है, तो टैक्स रिटर्न और लाभ/हानि स्टैटमेन्ट्स की प्रतियां; या

s. स्पष्टीकरण पत्र: आय को प्रभावित करने वाली किसी विशेष परिस्थिति को स्पष्ट करने वाला पत्र; या

t. अन्य दस्तावेज़ों को मामला-प्रति-मामला के आधार पर अनुमति दी जा सकती है।

अगले पृष्ठ पर जारी।

3. स्वामित्व का साक्ष्य का एक रूप, जैसे कि:

a. दस्तावेज़: संपत्ति दस्तावेज़ की एक प्रति जो मालिक के रूप में आवेदक का नाम दर्शाएं; या
b. शीर्षक बीमा पॉलिसी: शीर्षक बीमा पॉलिसी की एक प्रति जो स्वामित्व और संपत्ति पर किसी भी बोझ की पुष्टि करती है; या
c. संपत्ति कर विवरण: वर्तमान संपत्ति कर विवरण या रसीद जो स्वामित्व दर्शाएं; या
d. ऋण विवरण: एक हाल का ऋण विवरण जो आवेदक को उधार लेने वाले के रूप में दर्शाएं; या
e. गृहस्वामी बीमा पॉलिसी: संपत्ति के लिए वर्तमान गृहस्वामी की बीमा पॉलिसी की एक प्रति; या
f. संपत्ति मूल्यांकन: हाल के संपत्ति मूल्यांकन की एक प्रति जिसमें मालिक के रूप में आवेदक का नाम शामिल हो; या
g. संपत्ति मूल्यांकन सूचना: स्थानीय कर निर्धारणकर्ता के कार्यालय से संपत्ति मूल्यांकन नोटिस की एक प्रति; या
h. होम इक्विटी लाइन ऑफ क्रेडिट (एचईएलओसी) स्टैटमेन्ट: यदि लागू हो, तो होम इक्विटी लाइन ऑफ क्रेडिट खाते का स्टैटमेन्ट; या
i. गृह खरीद समझौता: संपत्ति खरीदते समय उपयोग किए गए समझौते की एक प्रति; या
j. निपटान विवरण (HUD-1): संपत्ति खरीद के दौरान उपयोग किया गया HUD-1 निपटान विवरण; या
k. क्विट-क्लैइम दस्तावेज़: यदि संपत्ति का स्वामित्व क्विट-क्लैइम दस्तावेज़ के माध्यम से बदल दिया गया था, तो दस्तावेज़ की एक प्रति; या
l. संपत्ति सर्वेक्षण: एक हाल का संपत्ति सर्वेक्षण रिपोर्ट; या
m. वारंटी दस्तावेज़: यदि संपत्ति का स्वामित्व वारंटी दस्तावेज़ के माध्यम से बदल दिया गया था, तो दस्तावेज़ की एक प्रति; या
n. उपयोगिता (यूटिलिटी) बिल: संपत्ति के पते के लिए आवेदक को संबोधित हाल का उपयोगिता बिल; या
o. अन्य दस्तावेज़ों को मामला-प्रति-मामला के आधार पर अनुमति दी जा सकती है।

अगले पृष्ठ पर जारी।

## 4. जिस इकाई की किरायेदारी के लिए आवेदन किया हो उसके साक्ष्य का एक रूप, जैसे कि:

a. वर्तमान हस्ताक्षरित पट्टा समझौता; या
b. अन्य लिखित समझौता; या
c. कैन्सल्ड चेक या मकान मालिक को किराये का भुगतान दिखाने वाले बैंक स्टेटमेन्ट की प्रतियां; या
d. अन्य दस्तावेज़ों को मामला-प्रति-मामला के आधार पर अनुमति दी जा सकती है।

## 5. बकाया किराया का साक्ष्य का एक रूप, जैसे कि:

a. वर्तमान किराया बहीखाता जो किरायेदार के बकाया का दस्तावेजीकरण करें (प्रत्येक माह का, मकान मालिक को पहले से भुगतान की गई किसी भी किराये की सहायता सहित, यदि उपलब्ध हो)
b. मकान मालिक या मैनेजमेन्ट कंपनी का वर्तमान किराया देय विवरण/पत्र
c. बेदखली नोटिस से पहले, जिसमें 15-दिन, 3-दिन, या अन्य भुगतान नोटिस (बकाया किराए की राशि शामिल होनी चाहिए) शामिल है; या
d. अन्य दस्तावेज़ों को मामला-प्रति-मामला के आधार पर अनुमति दी जा सकती है।

## 6. बकाया पात्र खर्चों के साक्ष्य का एक रूप, जैसे कि:

a. वर्तमान उपयोगिता बिल जो सधर्न कैलिफोर्निया एडिसन, सधर्न कैलिफोर्निया गैस कंपनी, WM, कन्सोलिडेटेड डिस्पोझल सर्विस, एलाइड वेस्ट सर्विसीस सहित, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं, कंपनियों के गैस, बिजली, पानी और/या अपशिष्ट हटाने के लिए अतिदेय शेष का दस्तावेजीकरण करें;
b. भूनिर्माण सेवाएँ;
c. किरायेदार के पट्टा समझौते और किराए के भुगतान के हिस्से के रूप में उनको कोई भी लागू शुल्क दिया जाता है;
d. सुविधाओं के लिए मरम्मत/रखरखाव लागत पट्टे में शामिल है और इकाई के किराए में शामिल है; और
e. मकान मालिक द्वारा ऊपर उल्लिखित किसी भी स्वीकार्य उपयोगिता और मरम्मत/रखरखाव लागत का भुगतान करने में सक्षम नहीं होने के परिणामस्वरूप लगने वाली कोई भी विलंब शुल्क।


Los Angeles County


RENT RELIEF PROGRAM

# एक आवेदन को कैसे आरंभ करें

# एक आवेदन को कैसे आरंभ करें






1


वेबसाइट www.lacountyrentrelief.com पर जाएं और **अभी आवेदन करें** पर क्लिक करें। आपको एप्लिकेशन पोर्टल पर वापस भेज दिया जाएगा।

2


आपको एप्लिकेशन पोर्टल तक पहुंचने के लिए एक खाता पंजीकृत करना होगा।

1. **रजिस्टर** (पंजीकृत करें) टैब चुनें।
2. अपना ईमेल पता दर्ज करें और **सत्यापन कोड भेजें** पर क्लिक करें।

# एक आवेदन को कैसे आरंभ करें





3 इसे सत्यापित करने के लिए आपके ईमेल पर एक कोड भेजा जाएगा। (महत्वपूर्ण नोट: ऊपर सूचीबद्ध कोड केवल प्रदर्शन उद्देश्यों के लिए है। आपको अपना स्वयं का अनन्य कोड प्राप्त होगा।)





4 सत्यापन कोड को अपने ईमेल से कॉपी करें और उसे दर्ज करें।

# एक आवेदन को कैसे आरंभ करें







5 अपना पहला नाम और कुलनाम दर्ज करें, और फिर अपने खाते के लिए एक पासवर्ड बनाएं। पासवर्ड कम से कम 12 अक्षर लंबा होना चाहिए, इसमें अपरकेस और लोअरकेस, संख्या और विशेष वर्ण शामिल होने चाहिए।


6 एक बार आप पासवर्ड बना लेंगे, तो आपको पोर्टल में साइन-इन करने के लिए पुनः निर्दिष्ट किया जाएगा।

# एक आवेदन को कैसे आरंभ करें




7


**अंतिम उपयोगकर्ता लाइसेंस अनुबंध** और **गोपनीयता नीति** पढ़ें।दस्तावेज़ों से सहमत होने के लिए दोनों बक्सों पर निशान लगाएं। जारी रखने के लिए **स्वीकार करें और सहमत हों** पर क्लिक करें।





8

**जमींदार/मकान मालिक: स्टार्ट एप्लिकेशन** पर क्लिक करके आवेदन प्रक्रिया की शुरुआत करें। कई आवेदन सबमिट न करें क्योंकि इसके परिणामस्वरूप आपके आवेदन की समीक्षा में देरी या अयोग्यता हो सकती है।

# एक आवेदन को कैसे आरंभ करें




**9** अपना प्रथम नाम और कुलनाम निम्नलिखित प्रारूप में दर्ज करें। *प्रथम नाम, कुलनाम।* जारी रखने के लिए **आवेदन प्रारंभ करें** पर क्लिक करें।




**10** अपना आवेदन शुरू करने के लिए, **यहां क्लिक करके जारी रखें** पर क्लिक करें। आपको **एप्लिकेशन ओवरव्यू** नामक एप्लिकेशन के पहले खंड पर पुनः निर्दिष्ट किया जाएगा।

आवेदन का पूर्वावलोकन पृष्ठ 16-18 पर करें।

Los Angeles County

RENT RELIEF PROGRAM

# आवेदन प्रक्रिया

# आवेदन प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण नोट



## आवेदक का सत्यापन

आवेदक का सत्यापन झूठी गवाही के दंड के तहत की गई घोषणा होगी। आवेदन में निम्नलिखित सत्यापन और पुरस्कार स्वीकार करने की शर्त शामिल की जाएगी:

- कम इकाइयों में से चार का वैध मालिक (आवेदन प्राथमिकता के लिए)।
- पुरस्कार न चुकाये हुए किराये की पूर्ति करता है।
- स्टे हाउस्ड एलए या एलए काउंटी ऋण राहत कार्यक्रम से किराया या ऋण राहत सहायता पहले से प्राप्त की हो।
- इस पुरस्कार की स्वीकृति आवेदक (या उनके एजेंटों) को पुरस्कार के अंतर्गत आने वाले न चुकाये हुए किराए के लिए बेदखली की कार्यवाही शुरू करने या जारी रखने से रोकती है।

## प्रति इकाई एक आवेदन

- कोई भी व्यक्ति एक ही किराये की इकाई की ओर से एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सकता है और न ही उसे स्वीकृत किया जा सकता है।
- मकान मालिक और किरायेदार एक ही व्यक्ति नहीं हो सकते।

**चेतावनी: अगर किसी आवेदक ने पहले ही पूरा आवेदन जमा कर दिया है, तो उसी प्रभावित किराये की इकाई/किरायेदार के लिए कोई अन्य आवेदन जमा न करें।**

अगर किसी आवेदक को इस कार्यक्रम के तहत अनुदान से दिया गया है, तो अतिरिक्त किराये की बकाया राशि के लिए मौजूदा आवेदन की समीक्षा की जाएगी और अगर योग्य है, तो कार्यक्रम द्वारा सूचित किया जाएगा। **उपयोग न करें।**

## "इकाई" परिभाषा

एक "किराये की इकाई" को एक आवासीय संपत्ति के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसका एक अद्वितीय पता किरायेदारों को दिया जाता है, जैसे कि एक अपार्टमेंट, कोंडो, एकल-परिवार का घर, या मोबाइल घर। किराये की संपत्ति पर रहने वाले मकान मालिक अपने किरायेदार के किराये के बकाया के लिए सहायता के लिए आवेदन करने के योग्य हैं।

## कमरे का किराया

जो मकान मालिक अलग-अलग कमरे किराए पर देते हैं, वे एक अद्वितीय पते के साथ प्रति किराये की इकाई $30,000 तक सीमित हैं, न कि व्यक्तिगत कमरे के लिए।

## भुगतान की विधि

प्रीपेड कार्ड या पीयर-टू-पीयर खाते (यानी, कैशएप, वेनमो) पुरस्कार भुगतान पद्धति के रूप में स्वीकार्य नहीं हैं।

पसंदीदा भुगतान विधि ACH है। चेक भी स्वीकार्य हैं लेकिन भुगतान प्राप्त होने में ACH से अधिक समय लग सकता है।

# आवेदन प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण नोट

Los Angeles County
RENT RELIEF PROGRAM

## निजी पहचान सूचना (पीआईआई)

किरायेदारों या मकान मालिकों से पहचान संबंधी निजी जानकारी की तबदीली ईमेल द्वारा नहीं की जा सकती।

- आवेदन का समर्थन करने वाले सभी दस्तावेज आवेदकों द्वारा सीधे आवेदन पोर्टल पर अपलोड किए जाते हैं।

केस प्रबंधन टीम के सभी सदस्यों को कार्यक्रम में अक्सर उपयोग किए जाते पीआईआई के उदाहरणों पर प्रशिक्षित किया जाता है और इस डेटा की संवेदनशीलता को सुरक्षित रखने और संरक्षित करने के लिए उनकी जिम्मेदारियों पर प्रशिक्षित किया जाता है।

## किरायेदार की सहभागिता

किरायेदारों को आवेदन में दी गई जानकारी को मान्य करना होगा, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- आवेदन में बताए गए उनके आय स्तर का सत्यापन।
- सत्यापन कि वे वर्तमान में प्रभावित इकाई में रह रहे हैं (यानी, मकान मालिक राहत का अनुरोध कर रहे है वह इकाई)।

लॉस एंजिलस किराया राहत कार्यक्रम के लिए आपके आवेदन में नामौजूद जानकारी या दस्तावेज के संबंध में एक कार्यक्रम प्रतिनिधि आपके किरायेदार से संपर्क करेंगे। अनुत्तरदायी किरायेदारों के कारण आवेदन की समीक्षा में देरी हो सकती है या आवेदन अयोग्य हो सकता है।

**कृपया ध्यान दें: इस कार्यक्रम के लिए निधीयन सीमित है, और पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करने वाले आवेदकों की संख्या उपलब्ध निधि से अधिक हो जाए यह संभव है। आवेदन प्रस्तुत करने से और/या कार्यक्रम की पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करने से अनुदान पुरस्कार की गारंटी नहीं मिलती है।**

# आवेदन पूर्वावलोकन

Los Angeles County
RENT RELIEF PROGRAM

यहाँ क्लिक करके आवेदन का पूर्वावलोकन अंग्रेजीमें करें।

आप आवेदन को निम्नलिखित भाषाओं में देख पाएंगे:

- अरबी
- आर्मेनियाई
- चीनी (सरलीकृत और परंपरागत)
- फारसी
- हिन्दी
- जापानी
- ख्मेर/कम्बोडियन
- कोरियाई
- रूसी
- स्पैनिश
- तगलोग
- थाई
- वियतनामी

कृपया अपडेट के लिए www.lacountyrentrelief.com को जांचते रहें।

Los Angeles County
RENT RELIEF PROGRAM



# समीक्षा प्रक्रिया

# समीक्षा प्रक्रिया

कोई आवेदक पात्र है या नहीं यह निर्धारित करने के लिए इस कार्यक्रम के केस प्रबंधक, निम्नलिखित जानकारी की समीक्षा करेंगे, लेकिन यह यहीं तक सीमित नहीं है:

a. पुष्टि करें कि किराये की संपत्ति का पता कार्यक्रम की भौगोलिक सीमाओं के भीतर (लॉस एंजिलस शहर को छोड़कर लॉस एंजिलस काउंटी के भीतर) है।

b. आवेदक दस्तावेज़ीकरण और तृतीय-पक्ष सत्यापन का उपयोग करके किराये की इकाई के स्वामित्व को सत्यापित करें।

c. किरायेदार की पहचान और किराये के संबंध की पुष्टि करें।

d. इकाई पर वर्तमान में प्रभावित किरायेदार का कब्जा होने की पुष्टि करें।

e. किराये का बकाया और खर्च अप्रैल 1, 2022 को या उसके बाद अर्जित किए होने की पुष्टि करें।

f. आवेदक और/या किरायेदार की क्षेत्रीय औसत आय (एएमआई) सत्यापित करें।

g. तीसरे पक्ष के संसाधनों का उपयोग करके भुगतान विवरण और W9 जानकारी सत्यापित करें।

h. गणना करें पुरस्कार भुगतान की।

आवेदक की पात्रता निर्धारित करने के अतिरिक्त, आवेदन समीक्षा प्रक्रिया निम्नलिखित न्यूनतम मानदंडों की पुष्टि करके यह सुनिश्चित करती है कि कोई डुप्लिकेट भुगतान जारी नहीं किया जाए:

a. कोई भी व्यक्ति एक ही किराये की इकाई की ओर से एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सकता है और न ही उसे स्वीकृत किया जा सकता है।

b. मकान मालिक और किरायेदार एक ही व्यक्ति नहीं हो सकते।

यदि किसी आवेदन में जानकारी नामौजूद है और/या पात्रता अनुशंसा करने के लिए अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता है, तो केस मैनेजर संपर्क के अपने पसंदीदा तरीके (यानी, कॉल या ईमेल) का उपयोग करके आवेदक से संपर्क करेगा और आवेदक को एप्लिकेशन पोर्टल में पुनः काम सौंपेगा।

आप स्थिति अपडेट के लिए कभी भी पोर्टल में साइन-इन कर सकते हैं। कृपया किसी आवेदन की विभिन्न स्थितियों और उनके अर्थ के लिए पृष्ठ 21-23 देखें।

अगले पृष्ठ पर जारी।

# आवेदक की स्थिति

लॉस एंजिलस काउंटी किराया राहत अनुदान कार्यक्रम के लिए आपके आवेदन से जुड़े स्टेटस अपडेट और संबंधित कार्यों के लिए अक्सर और किसी भी समय अपने एप्लिकेशन पोर्टल की जांच करें।

| आवेदक की स्थिति | इसका क्या अर्थ है |
|---|---|
| आवेदन प्रस्तुत नहीं किया | मकान मालिक ने आवेदन शुरू किया है; हालाँकि, आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है।<br>• मकान मालिक आवेदन प्रगति पर रहते हुए भी उसमें बदलाव कर सकता है। एक बार मकान मालिक आवेदन प्रस्तुत कर दें, तो वे केस मैनेजर की सहायता के बिना बदलाव करने में असमर्थ होंगे। |
| आवेदन प्रस्तुत किया: अनिर्णीत प्रतीक्षा समूह असाइनमेंट | मकान मालिक ने आवेदन प्रस्तुत कर दिया है और वरीयता प्राथमिकता अनिर्णीत है। |
| आवेदन प्रस्तुत किया: प्रतीक्षा सूची समूह 1 | मकान मालिक ने अपना आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, और वरीयता डेटा के आधार पर, इसे सर्वोच्च वरीयता वाली फ़ाइल के रूप में पहचाना गया है। |
| आवेदन प्रस्तुत किया: प्रतीक्षा सूची समूह 2 | मकान मालिक ने अपना आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, और वरीयता डेटा के आधार पर, इसे दूसरी वरीयता के रूप में पहचाना गया है।<br>• दूसरी वरीयता वाली फाइलों पर तभी ध्यान दिया जाएगा जब सर्वोच्च वरीयता वाली फाइलें पूरी हो जाएं |
| आवेदन प्रस्तुत किया: प्रतीक्षा सूची समूह 3 | मकान मालिक ने अपना आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, और वरीयता डेटा के आधार पर, इसे तीसरी वरीयता के रूप में पहचाना गया है।<br>• तीसरी वरीयता वाली फाइलों की समीक्षा सर्वोच्च और दूसरी वरीयता वाले मामलों के पूरा होने पर निर्भर है। |
| आवेदन प्रस्तुत किया: प्रतीक्षा सूची समूह 4 | मकान मालिक ने अपना आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, और वरीयता डेटा के आधार पर, इसे चौथी वरीयता के रूप में पहचाना गया है।<br>• चौथी वरीयता वाली फाइलों की समीक्षा 1ृ-3 वरीयता वाले मामलों के पूरा होने पर निर्भर है। |
| आवेदन प्राप्ति की समीक्षा | एक केस मैनेजर की नियुक्ति फ़ाइल के लिए की गई है। |

अगले पृष्ठ पर जारी।

# आवेदक की स्थिति



लॉस एंजिलस काउंटी किराया राहत अनुदान कार्यक्रम के लिए आपके आवेदन से जुड़े स्टेटस अपडेट और संबंधित कार्यों के लिए अक्सर और किसी भी समय अपने एप्लिकेशन पोर्टल की जांच करें।

| आवेदक की स्थिति | इसका क्या अर्थ है |
|---|---|
| अनिर्णीत अतिरिक्त जानकारी | एक केस मैनेजर ने मकान मालिक से अतिरिक्त जानकारी और/या दस्तावेज़ का अनुरोध किया है जो आवेदन में नामौजूद थी/था। |
| अनिर्णीत अतिरिक्त किरायेदार जानकारी | मकान मालिक के आवेदन में सभी आवश्यक दस्तावेज प्रदान किए गए हैं; हालाँकि, किरायेदार ने पात्रता सिद्ध नहीं की है। एक केस मैनेजर नामौजूद किरायेदार जानकारी के लिए हद से परे जाकर संचालन करेंगे |
| आवेदन समीक्षाधीन है | आवेदन वर्तमान में केस प्रबंधन टीम द्वारा समीक्षाधीन है। |
| भुगतान के लिए प्रस्तुत की गई | फ़ाइल को पुरस्कार के लिए योग्य मानी गई है और भुगतान के लिए प्रस्तुत की गई है। |
| भुगतान अनिर्णीत अंतिम समीक्षा | भुगतान संसाधित करने से पहले अंतिम समीक्षा पूरी की जाएगी। |
| भुगतान वितरित किया गया | आवेदक को भुगतान वितरित किया गया है। |
| आवेदन पूर्ण: अपात्र | केस प्रबंधन टीम की पुष्टि के बाद, फ़ाइल अपात्र पाई गई। लीड या केस मैनेजर अपात्र अधिसूचना भेजते है, जिसमें अयोग्यता के कारणों का विवरण दिया जाता है। |
| अपील प्रस्तुत की गई | अपात्र पाए जाने के बाद, आवेदकों को अयोग्यता के कारणों के खिलाफ अपील करने का विकल्प दिया जाएगा। |
| अपील समीक्षा के अंतर्गत | एक अपील समन्वयक को फ़ाइल सौंपी गई है और उन्होंने समीक्षा शुरू कर दी है। |

अगले पृष्ठ पर जारी।

# आवेदक की स्थिति



लॉस एंजिलस काउंटी किराया राहत अनुदान कार्यक्रम के लिए आपके आवेदन से जुड़े स्टेटस अपडेट और संबंधित कार्यों के लिए अक्सर और किसी भी समय अपने एप्लिकेशन पोर्टल की जांच करें।

| आवेदक की स्थिति | इसका क्या अर्थ है |
|---|---|
| अपील स्वीकृत की गई | एक अपील समन्वयक ने निर्धारित किया है कि उपलब्ध अपील दस्तावेज़ की समीक्षा के बाद फ़ाइल पात्र है। अपील समन्वयक जिन आधारों पर आवेदक ने सफलतापूर्वक अपील की है उसका विवरण देते हुए एक अनुमोदन ईमेल भेजेंगे। |
| अपील अस्वीकृत की गई: फ़ाइल अपात्र | एक अपील समन्वयक ने निर्धारित किया है कि फ़ाइल अभी भी पात्र है। |
| गैर-जिम्मेदार | केस प्रबंधक ने बहुत ज्यादा संपर्क प्रयास किए हैं, हालांकि मकान मालिक ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। |
| गैर-जिम्मेदार किरायेदार | केस प्रबंधक ने बहुत ज्यादा संपर्क प्रयास किए हैं, हालांकि किरायेदार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। |
| डुप्लिकेट | मकान मालिक के पास एक ही किराये की इकाई के लिए 1 से अधिक फाइलें हैं। |
| डुप्लिकेट—किरायेदार | किरायेदार के पास एक ही किराये की इकाई के लिए 1 से अधिक फाइलें हैं। |
| वापस ली गई | मकान मालिक ने केस मैनेजर से संपर्क किया है और कहा है कि वे अब और भाग नहीं लेना चाहते हैं |
| आवेदन संदर्भित | आवेदक इस कार्यक्रम के अधिकार क्षेत्र में नहीं है और उन्हें अन्य सहायता/समर्थन के लिए अपने केस मैनेजर से बाहरी संसाधन प्राप्त होंगे। |

अगले पृष्ठ पर जारी।

Los Angeles County
RENT RELIEF PROGRAM



# अपील प्रक्रिया

# अपील



एक बार आवेदन की समीक्षा हो जाने के बाद, आवेदक को उनके अनुरोध की पूरी राशि, उनके अनुरोध की आंशिक राशि देने या आवेदक को पुरस्कार के लिए अयोग्य मानने का निर्णय लिया जाएगा।

**कृपया ध्यान दें: इस कार्यक्रम के लिए निधीयन सीमित है, और पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करने वाले आवेदकों की संख्या उपलब्ध निधि से अधिक हो जाए यह संभव है। आवेदन प्रस्तुत करने से और/या कार्यक्रम की पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करने से अनुदान पुरस्कार की गारंटी नहीं मिलती है।**

आवेदक निर्णय ईमेल में सूचीबद्ध निर्देशों का पालन करके या लॉस एंजिलस काउंटी रेंट रिलीफ प्रोग्राम अपील सिस्टम फॉर्म पूरा करके (लिंक यहां डालें) और अनुरोध का समर्थन करने के लिए आवश्यक सभी दस्तावेज़ जमा करके निर्णय संबंधी अपील कर सकता है।

- केवल आवेदक द्वारा केवल एक ही अपील प्रस्तुत की जा सकती है।
- कार्यक्रम को अपील अपात्रता अधिसूचना के 30 दिनों में प्रस्तुत करनी होगी।

एक बार अपील सफलतापूर्वक प्रस्तुत होने पर, इस कार्यक्रम के विशेष रूप से नामित टीम के सदस्य अपील प्रस्तुति की समीक्षा करेंगे। केवल आवेदक की अपील के कारण से संबंधित जानकारी की समीक्षा की जाएगी।

यदि अतिरिक्त संपर्क या स्पष्टीकरण की आवश्यकता है, तो टीम का एक सदस्य संपर्क के अपने पसंदीदा तरीके का उपयोग करके आवेदक से संपर्क करेगा। यदि आवेदक अनुरोध की गई जानकारी प्रदान करता है, तो अपील निर्धारण में इस पर विचार किया जाएगा। अन्यथा, पुरस्कार निर्णय के समय प्रदान किए गए एकमात्र दस्तावेजों और सूचनाओं पर ही विचार किया जाएगा। समीक्षा पूरी होने पर, टीम सदस्य अपील को या तो स्वीकार या अस्वीकार करेगा।

अपील प्रणाली के माध्यम से प्रस्तुत किए जाने के बाद अपील समीक्षा आवेदन की अंतिम समीक्षा होती है। अपील की स्थिति पर अंतिम अधिसूचना आवेदक और किरायेदार को भेजी जाएगी।

Los Angeles County
# RENT RELIEF PROGRAM

## ग्राहक कॉल सेंटर
(877) 849-0770
सोमवार - शुक्रवार* प्रातः 8:00 बजे - सायं 6:00 बजे पीटी PT
20 मई - 31 मई, 2024

सोमवार - शुक्रवार* प्रातः 8:00 बजे - सायं 5:00 बजे पीटी PT
1 जून 2024 के बाद
*राज्य और संघीय छुट्टियों को छोड़कर

## विशेष घंटे
3 जून और 4 जून - सुबह 8:00 बजे - रात 9:00 बजे

## जल्दी लिंक्स
कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण
आवश्यक प्रलेखन
एक आवेदन को कैसे आरंभ करें
आवेदन प्रक्रिया
समीक्षा प्रक्रिया
अपील प्रक्रिया